>

Title: Need to construct a road over bridge on Simrahi Chouk in Supaul, Bihar.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): महोदय, बिहार राज्य अन्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल के राघोपुर प्रखंड के सिमराही चौक पर शहर के बीचों-बीच पश्चिम से पूरब एन.एच. 57 तथा उत्तर से दक्षिण एन.एच. 106 गुजरता है । सिमराही चौक पर रोड ओवर ब्रिज नहीं रहने के कारण प्राय: प्रतिदिन दुर्घटनाएं घटती रहती हैं, जिसमें लोगों की जान जाती है ।

अत: सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए इस सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि सिमराही चौक पर अतिशीघ्र रोड ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए, जिससे लाखों लोगों की जान की सुरक्षा हो सके । धन्यवाद ।